Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 29-11-2006
Participants : Singh Kunwar Rewati Raman

an>

Title: Need to instruct the D.D.A and the Registrar of Cooperative Societies to start the process of allotment of flats of Cooperative Societies not involved in any scam.

श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद) : महोदय, रजिस्ट्रार ऑफ कोपरेटिव सोसाइटीज कार्यालय, नयी दिल्ली के कथित तौर पर कुछ सहकारी समितियों के पुनरूद्धार में हाथ होने के कारण सी.बी.आई इसकी जांच कर रही है। लेकिन यहां पर कामकाज बिल्कुल ठप्प है। परिणास्वरूप इन समितियों द्वारा निर्मित फ्लैटों के आबंटन का काम बिल्कुल ठप्प है। मात्र एक छत या घर पाने के लिए सदस्यों ने ऋण लेकर फ्लैट की कीमत का भुगतान किया है और हर माह भारी किस्त चुकानी पड़ रही है। किराये के मकान में भी रहना पड़ रहा है। ऐसे सदस्यों को फ्लैट का आबंटन न होने के कारण वित्तीय कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सरकार डी.डी.ए तथा रजिस्ट्रार के कार्यालय को आदेश दे कि फ्लैट आबंटन का काम उन समितियों के लिए पूरा करे जहां कोई धांधली नहीं है।